न्यूक्लियर पावर कारपोरेशन ऑफ इण्डिया लिमिटेड
NUCLEAR POWER CORPORATION OF INDIA LIMITED
(भारत सरकार का उद्यम) (A Government of India Enterprise)
रावतभाटा राजस्थान साइट Rawatbhata Rajasthan Site
डाकः अणुशक्ति, वायाः कोटा (राज.) PO: Anushakti–323303 Via: Kota (Raj.)
फोन : 01475-233250 Email: mshospital.rrs@npcil.co.in

सं. आर.आर.साइट /चिकित्सालय/चिकित्सा अधीक्षक/2025/S/4204 दिनांकः-31.12.2025

# आरआर साइट चिकित्सालय में स्तन और गर्भाशय ग्रीवा कैंसर कार्यशाला के आयोजन के संबंध में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम की रिपोर्ट |

## REPORT OF THE HEALTH AWARENESS WORKSHOP ON BREAST & CERVICAL CANCER AT RR SITE HOSPITAL.

राजस्थान परमाणु बिजलीघर चिकित्सालय में वर्तमान में पूरे विश्व में तेजी से फ़ैल रहे स्तन एवंसर्वाईकल केंसर के बचाव, लक्षण एवं उपचार से संबधित कार्यशाला का दिनांक 20/12/2025 को आयोजन किया गया | कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि श्रीमती दीपा लाला, श्रीमती संध्या सेठ एवं श्रीमती गायत्री दास रहीं | अमेरिकन इंस्टीट्यूट ऑफ ऑनकोलोजी कोटा सेन्टर के केंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. राजेन्द्र मीणा ने स्तन केंसर पर व्याख्यान दिया | वहीं डॉ. वत्सला याग्निक ने सर्वाईकल केंसर के उपचार के बारे में व्याख्यान दिया |

चिकित्सा अधीक्षक डॉ. निधि जैन ने पावर पाइंट प्रस्तुतिकरण के माध्यम से हयूमन पेपिलोमा वायरस से महिलाओ एवं पुरुषो दोनों में होने वाले केंसर एवं नॉन केंसर रोगों के बचाव, लक्षण एवं उपचार में प्रयोग आने वाले वेक्सिन ,विभिन्न परीक्षण के बारे में समझाया एवं बचाव ही श्रेष्ठ उपचार है, को जीवन में अपनाने की सलाह दी |

कार्यक्रम में परमाणु बिजलीघर, भारी पानी संयत्र एवं न्यूक्लियर फ्यूल कॉम्प्लेक्स, आर पी एस विद्युत ग्रह की महिलाओं व चिकित्सालय कर्मियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया जिनकी शंकाओ का समाधान किया गया |

Nidhi 31.12.25
डॉ. निधि जैन Dr. Nidhi Jain
चिकित्सा अधीक्षक Medical Superintendent
रा रा साइट चिकित्सालय RR Site Hospital

## कार्यक्रम की झल कयाँ

## Glimpses of Event











AOI
1800 208 2000






AOI
SHRIJI HOSPITAL
Meet our Medical Oncologist
Dr Rajendra Kumar Meena
OPD TIMINGS
AREAS OF EXPERTISE
1800 208
Breast cancer- in INDIA, most common cancer in females
Indian breast cancer patient survival is inferior compare to western patients- advance stage of presentation
We need to promote Breast cancer screening to detect it at early stage
Breast cancer is a systemic disease, every patient needs to be discussed in tumor board for optimal management




MALE








दैनिक भास्कर **कोटा जिला 21-12-2025**

# अपने स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहकर नियमित जांच को दिनचर्या में शामिल करने का आह्वान

## कैंसर को लेकर महिलाओं में जागरूकता बढ़ाने के लिए कार्यशाला आयोजित

भास्कर न्यूज | रावतभाटा



कैंसर को लेकर महिलाओं के लिए कार्यशाला आयोजित की गई।

महिलाओं में वर्तमान समय में तेजी से बढ़ रहे स्तन एवं सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विस्तृत एवं जानकारीपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

राजस्थान परमाणु बिजलीघर अस्पताल के सभागार में आयोजित इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के प्रति सजग करना, समय पर जांच के महत्व को समझाना और आधुनिक उपचार विधियों से अवगत कराना रहा। कार्यशाला के दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा कैंसर के कारण, प्रारंभिक लक्षण, बचाव के उपाय एवं उपचार से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की गईं। कार्यशाला की विशिष्ट अतिथि दीपा लाला, संध्या सेठ एवं गायत्री दास रहीं। उन्होंने महिलाओं से अपने स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहकर नियमित जांच को अपनी दिनचर्या में शामिल करने का आह्वान किया। अमेरिकन इंस्टीट्यूट ऑफ ऑन्कोलॉजी, कोटा सेंटर के वरिष्ठ कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. राजेन्द्र मीणा ने स्तन कैंसर पर विस्तृत व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि स्तन कैंसर के प्रारंभिक लक्षणों की पहचान, स्वयं परीक्षण की आदत एवं समय पर चिकित्सकीय परामर्श से इस रोग का प्रारंभिक अवस्था में सफल उपचार संभव है। वहीं डॉ. वत्सला याग्निक ने सर्वाइकल कैंसर के कारणों, लक्षणों, जांच प्रक्रिया एवं आधुनिक उपचार पद्धतियों की जानकारी दी। उन्होंने नियमित स्क्रीनिंग, पैप स्मीयर टेस्ट एवं चिकित्सकीय परामर्श को सर्वाइकल कैंसर से बचाव का प्रभावी माध्यम बताया। कार्यक्रम में चिकित्सा अधीक्षक डॉ. निधि जैन ने पावर प्वाइंट प्रस्तुतीकरण के माध्यम से ह्यूमन पेपिलोमा वायरस (एचपीवी) से महिलाओं एवं पुरुषों दोनों में होने वाले कैंसर और नॉन-कैंसर रोगों पर प्रकाश डाला। उन्होंने एचपीवी वैक्सीन, विभिन्न जांच विधियों एवं रोकथाम के उपायों की विस्तार से जानकारी देते हुए "बचाव ही श्रेष्ठ उपचार" को जीवन में अपनाने की सलाह दी।

इस कार्यशाला में राजस्थान परमाणु बिजलीघर, भारी पानी संयंत्र, न्यूक्लियर फ्यूल कॉम्प्लेक्स एवं आरपीएस विद्युत गृह चिकित्सालय की महिला चिकित्सा कर्मियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यशाला के अंत में प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं एवं शंकाओं का विशेषज्ञों द्वारा समाधान किया गया, जिससे कार्यशाला अत्यंत उपयोगी एवं सार्थक सिद्ध हुई।